**एक नजर में**

### झोलाछाप डॉक्टर कर रहे जान से खिलवाड़

**नवभारत न्यूज हरपालपुर। अंचल में झोलाछाप चिकित्सकों द्वारा संचालित किए जा रहे क्लीनिक पर होम्योपैथी और आयुर्वेद, एलोपैथिक दवाईयां देकर इलाज किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के चलते कथित झोलाछाप गरीब जनता के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे है।**

नगर के गली तिराहों व स्टेट हाइवे नारायण आश्रम के पास हरिहर रोड, राठ रोड, लहचूरा रोड, पुरानी गल्ला मंडी रोड, राजपूत कालोनी,गलान रोड आदि स्थानों पर संचालित हो रहे निजी क्लिनिकों पर झोलाछाप डॉक्टर इलाज के नाम पर मौत बांट रहे हैं।

गौरतलब है कि इन क्लीनिकों पर बकायदा लम्बी चौड़ी डिग्री लिखाए ये झोलाछाप नीम - हकीम डाक्टर नाजायज़ गर्भपात के अलाव पथरी बवासीर भगंदर लकवा सफेद दाग चर्म रोग किडनी फेलियर नामर्दी जैसे हर मर्ज के मरीजों का गारंटी के साथ इलाज कर मरीज की जान से खिलवाड़ कर जमकर पैसा वसूल रहे है । ऐलोपैथिक होम्योपैथी इलाज के नाम पर झोलाछाप डॉक्टर अंग्रेजी दवा को पकड़ा देते है।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी एक माह पहले बनी तलैया

**उपयंत्री की देखरेख के अभाव में हुआ घटिया निर्माण**

**ग्रामीणों ने मशीन से काम कराने के लगाए आरोप**

**नवभारत न्यूज जतारा। ग्राम पंचायतों में इस बार हुई बारिश के दौरान घटिया निर्माण कार्यो की खबरे निकलकर सामने आ रही है। लाखों से लेकर करोड़ों की लागत से किए गए कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुके है। ऐसा ही एक मामला जतारा क्षेत्र के ग्राम पंचायत लार खुर्द का प्रकाश में आया है। ग्रामीणों ने निर्माण कराने बाले जिम्मेदारों पर घटिया निर्माण कार्य कराए जाने के आरोप लगाए है। ग्रामीणों की माने तो ग्राम पंचायत में तालाब जीर्णोद्धार कार्य के नाम पर तलैया का निर्माण कार्य पिछले माह जून में करवाया था जिसमें जिम्मेदारों ने मजदूरों की जगह मशीनों से काम कराने के आरोप लगाए है। यह तलैया एक माह में ही नही चल पाई और बीते दिनों हुई बारिश में तलैया पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। ग्रामीणों ने इस मामले मे संबंधितों के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की मांग की है।**




दरअसल जतारा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने बाली ग्राम पंचायत लार खुर्द में 15 मार्च 2024 को जीर्णोद्धार के लिए तलैया स्वीकृ त हुई थी। उसका निर्माण कार्य इसी वर्ष18 जून को शुरू किया था। जो बरसात के एक माह पहले सानक की तलैया के नाम से निर्माण कार्य किया गया था। जिस नाम से मरम्मत की गई है बह तालाब जीर्णोद्धार कार्य सानक की तलैया नामक कार्य है। जिसमें 60 मजदूर के मास्टर जारी हैं। लेकिन गांव में निवासरत लोगों में गनपत यादव, रामकिशन खंगार, राजू यादव, पर्वत लाल अहिरवार, अर्जुन अहिरवार, सतीश पाल, बृजलाल चढ़ार ने बताया कि इस तलैया के पत्थर निकाल कर अलग रख दिए और जो 5 फीट ऊंची सीमेंट की दीवाल बनी थी उसकी साइज आधी कर उसे तोड़कर उस पर जेसीबी मशीन से मिट्टी डालकर कर एक ही रात में कार्य पूर्ण कर दिया गया था। ग्रामीणों ने बताया कि इस कार्य में मशीनों का उपयोग किया गया है जबकि मजदूरों से यह कार्य नियम के मुताबिक कराया जाना था। निर्माण कार्य के दौरान संबंधित इंजीनियर कार्य की गुणवत्ता देखने नही आए जिसके चलते जिम्मेदारों ने इस घटिया कार्य को अंजाम दिया है।

**जांच के बाद कुछ कह पाना संभव है : सीईओ**

इस संबंध में जब जतारा जनपद पंचायत के सीईओ सिद्ध गोपाल वर्मा से बात की तो उन्होनें बताया कि मुझे आप के द्वारा इस मामले की जानकारी प्राप्त हुई है। में इस मामले की जांच करवाता हूं जिसमें जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ जांच प्रतिवेदन तैयार कराकर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।यह कार्य किस प्रकार किया गया है, जांच के बाद बता पाने की बात जनपद पंचायत के सीईओ द्वारा कही गई है।

## औसत बारिश का 80 प्रतिशत कोटा पूर्ण



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। इस वर्ष सावन के पहले सप्ताह में ही औसत बारिश का 80 प्रतिशत कोटा पूरा हो गया है। जिले में अब तक 828.3 मिलीमीटर यानी 32.6 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है। यह पिछले साल की तुलना में 22 इंच अधिक है।**

टीकमगढ़ और पलेरा तहसील में 1000 मिलीमीटर से अधिक बारिश हो चुकी है। रविवार को दोपहर 2 बजे के बाद बारिश रुकने से जलभराव वाले क्षेत्रों में राहत मिली। शहर का महेंद्र सागर तालाब पूरी तरह भर गया है। तालाब पर स्थित राजशाही दौर की ताल कोठी भवन की निचली मंजिल पानी में डूब गई है।पिछले 24 घंटों में जिले में 10ण्3 मिलीमीटर औसत बारिश रिकॉर्ड की गई।

मोहनगढ़ तहसील में सबसे अधिक 20 मिलीमीटर बारिश हुई। इसके बाद बड़ागांव धसान में 16, टीकमगढ़ में 13, खरगापुर में 12, लिधौरा में 9, बल्देवगढ़ में 8, जतारा और पलेरा में 2.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मोहनगढ़ तहसील के मढ़खेरा गांव में बीती रात एक मकान गिर गया। मकान में बंधी तीन भैंसें दबकर मर गईं। मालिक रामकिशन ने बताया कि बारिश से बचाने के लिए भैंसों को मकान के अंदर बांधा था।

# चैंबर की सफाई नहीं होने से नाला चौक

**नवभारत न्यूज हरपालपुर। स्टेट हाईवे पर बस स्टैंड से शहर की ओर उल्टी गंगा बहाए जाने वाले नाला निर्माण के दौरान कराए गए धटिया निर्माण से कई जगह से नाला क्षतिग्रस्त हो गया है।**



नाला क्षतिग्रस्त होने से उसके चैंबर गायब हो चुका है। साथ ही नाला चौक होने से नालियों का पानी सड़कों पर बह रहा है। वर्षो से नाले की सफाई न होने से नाले पूरी तरह जाम हो चुके है। पानी का निकास अवरुद्ध होने से बदबू और मच्छरों की संख्या में इजाफा हुआ है । इस समस्या के बारे में नगरपरिषद द्वारा संज्ञान में लाने पर हर बार आश्वासन ही मिला है। स्थानीय नागरिकों ने बस स्टैंड से पेट्रोल पम्प रोड तक दोनों ओर के नालो की सफाई की मांग नगरपरिषद से की है।

इसके अलावा लोगों ने परिषद का ध्यान क्षतिग्रस्त नाले की सफाई की ओर आक र्षित किया है। स्टेट हाईवे पर बस स्टैंड से शहर की ओर उल्टी गंगा बहाए जाने वाले नाला निर्माण के दौरान कराए गए धटिया निर्माण से कई जगह से नाला क्षतिग्रस्त हो गया है।

## डेंगू नियंत्रण के लिए अलर्ट रहने के निर्देश

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले में डेंगू नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, क्योंकि अब तक जिले में 68 नमूनों की एलाइजा जांच की गई है। इनमें 2 डेंगू पॉजिटिव केस मिले हैं, दोनों मरीज स्वस्थ हैं। लगभग 1030 घरों में लार्वा सर्वे किया गया 4472 कंटेनरों में से 21 में डेंगू मच्छर के लार्वा मिले हैं। ऐसे में विभाग ने अधिकारी व कर्मचारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं।**

जिले में अन्य विभागों के समन्वय से यह अभियान संचालित हो रहा है। वैक्टर कंट्रोल के लिए रेपिड रिस्पॉन्स दल भी बनाया गया है। शासन के निर्देश पर जुलाई को डेंगू निरोधक माह घोषित किया गया है। इस दौरान समुदाय को जागरूक करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य वर्षा काल में डेंगू के मामलों को कम करना है। जिला मलेरिया अधिकारी एचएम रावत ने बताया कि शरीर पर लाल चकत्तेए तेज बुखारए आंखों और मांसपेशियों में दर्दए सिर दर्द होने पर तुरंत सीबीसी जांच कराएं। जरूरत पड़ने पर एलाइजा जांच भी कराएं। यह जांच जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ में निशुल्क उपलब्ध है। बुखार होने पर एस्प्रिन और डिस्प्रिन जैसी दवाएं न लें। आराम करें और डॉक्टर की सलाह से ही दवा लें। घरों में डेंगू मच्छर न पनपे, इसके लिए पानी ढककर रखें और हर सप्ताह पानी बदलें। उन्होंने बताया कि डेंगू बुखार के पहले सात दिनों में प्लेटलेट्स घटते हैं।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर लगाए गए शिविर

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ। संचालनालय आयुष भोपाल मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देषन तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ विनोद धाकरे के मार्गदर्शन में जिला टीकमगढ़ अंतर्गत सभी 17 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर प्रतिमाह 14 तारीख को आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन अलग-अलग थीम के अनुसार किया गया है।**



प्रतिमाह विभिन्न थीम के अनुसार 14 तारीख को आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविरों में जुलाई की थीम बुजुर्ग और उपशामक रोगों की पहचान, रोकथाम, नियंत्रण एवं प्रबंधन के अनुसार आयुष सेवाओं के अंतर्गत आज सभी 17 आयुष्मान अरोग्य मंदिरों पर आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया गया। षिविरों मे संपूर्ण जिले में लगभग 1415 लाभार्थी लाभान्वित हुए।

शिविर में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में पदस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों के द्वारा लाभार्थी रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधी वितरण किया गया तथा स्वस्थ्य रहने के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।

### वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर दौड़ी शोक की लहर



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर के वरिष्ठ पत्रकार यशोवर्धन नायक का सोमवार को उपचार के दौरान झांसी में निधन हो जाने की खबर लगते ही नगर सहित जिले भर में शोक की लहर दौड़ गई ।**

जानकारी के अनुसार बीती 9 जुलाई को उनकी तवियत विगड़ने पर उन्हें जिल चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां हालत में सुधार ना होने के कारण उन्हें झांसी रेफ र किया गया। परिजनों ने उपचार के लिए झांसी के बुन्देलखंड मेडिकल में भर्ती कराया जहां सोमवार को उपचार के दौरान जिले के पत्रकार यशोवर्धन नायक का निधन हो गया। उनके निधन पर समूचे पत्रकारो में गहरा शोक व्याप्त है।

## पार्षदों ने इंजीनियर पर लगाए घटिया निर्माण के आरोप

**नवभारत न्यूज खरगापुर। नगर परिषद खरगापुर के द्वारा नगर में करोड़ों रुपयों के विकास का कार्य किए गये थे लेकिन गुणवत्ता को नजर अंदाज किया गया है। जिससे निर्माण कार्य बरसात में टूट कर बिखर रहे है। जिसके चलते पार्षद प्रतिनिधि सुरेंद्र राय वार्ड नंबर 4, पार्षद वाली रैकवार वार्ड नंबर 13,सुरेंद्र कोरी पार्षद प्रतिनिधि वार्ड नंबर 6 ,पार्षद बृजेश अहिरवार वार्ड नंबर 12 ने मौके पर कई कार्यो के स्थलो पर पहुंचकर सब इंजीनियर वीरेंद्र पटेल पर गंभीर आरोप लगाए है।**



दरअसल नगर परिषद खरगापुर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 4 में रजवी चौराहा से कालका पटवारी के खेत तक सीसी सड़क और पुल पुलिया निर्माण कार्य 2 करोड़ 12 लाख की राशि से कराया जा रहा है। जिसका ठेका अजहरी कंस्ट्रक्शन कंपनी खरगापुर के नाम से टेंडर मिला था इस निर्माण कार्य में ठेकेदार एवं सब इंजीनियर की बढ़ती कमीशनखोरी के चलते स्टीमेट के मुताबिक पुलिया निर्माण कार्य में रेत की जगह क्रेशर से निकलने वाली पत्थर डस्ट का इस्तेमाल हो रहा है। वहीं गुणवत्ता बिहीन वार्ड वासियों ने बताया कि सभी प्रकार का गुणवत्ताहीन काम और घटिया किस्म का मटेरियल जिसमें डाला गया था। जिससे आज यह पहली ही बरसात में पुलिया टूट गई है। निर्माण कार्य चलते ही घटिया किस्म का मटेरियल डालने पर वार्डवासियों ने नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों से इसकी लगातार शिकायतें की हैं। लेकिन भ्रष्टाचार की वजह से जिम्मेदार अधिकारियों के कान बंद रहे। इस संबंध में जब तहसीलदार सत्य प्रकाश शुक्ला खरगापुर से बात की तो उन्होंने बताया कि जो भी इसमें दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# प्राकृतिक आपदा का आंकलन कर करें निराकरण

**कलेक्टर ने अतिवृष्टि की समीक्षा कर दिए निर्देश**

**सतर्कता से जिम्मेदारी निभाने पर दिया विशेष जोर**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने जिले में बीते दिनों हुई अतिवृष्टि की समीक्षा करते हुये समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि आकाशीय बिजली, सर्पदंश या प्राकृतिक आपदा में जान-माल की हानि का आकलन कर तत्काल निराकरण किया जाए एवं पात्र हितग्राहियों आरबीसी 6-4 नियम के तहत् आर्थिक लाभ दिया जाये। उन्होंने सभी विभा-ों को निर्देश दिए कि ऐसी स्थिति में सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी सतर्कता से अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।**



कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने जर्जर स्कूल, आंगनवाड़ी, सामुदायिक भवन आदि को चिन्हित कर तुरंत सुरक्षित स्थान पर संचालन कर इन भवनों की मरम्मत कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बीते दिनों हुई अतिवृष्टि के अनुभवों को ध्यान में रखते हुए सभी विभागों से कार्ययोजना बनाने को कहा। उन्होंने पंचायत स्तर एवं जिला स्तर पर तात्कालिक एवं दीर्घकालिक कार्यों को चिन्हित करने को कहा ताकि आकस्मिक आपदा की स्थिति आने पर किसी भी तरह के जान-माल की हानि से बचा जा सके। उन्होंने समस्त अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों एवं जनपद सीईओ को निर्देश दिए कि ग्रामवार जलभराव की सूची बनाई जाए एवं जिले के ऐसे तालाब जिनमें पर्याप्त मात्रा में पानी आ चुका है उनके निकास द्वार का निरीक्षण किया जाये ताकि और बारिश होने पर तत्काल अतिरिक्त पानी की सुरक्षित निकासी की जा सके। प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुये लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर पीएस चौहान, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर, ईई जल संसाधन दीपेन्द्र कुशवाह, ईई पीडबल्यूडी मनोज दुबे, सीएमएचओ डॉ. शोभाराम रोशन,सौरभ तिवारी, रामबाबू गुप्ता, पीओडूडा सुश्री शिवि उपाध्याय उपस्थित रहे।

**अभिषेक** सावन के प्रथम सोमवार को कुंडेश्वर धाम में लगी भक्तों की कतारें

# मुहूर्त में पुजारियों ने कराया भगवान भोले का अभिषेक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सावन के माह की शुरूआत 11 जुलाई से हुई थी यह भगवान शिव का पावन माह माना जाता है। इस माह में शिव की आराधना अत्यंत फलकारी होती है। इस बार सावन मे चार सोमवार पड़ रहे है जिसमें पहले सावन सोमवार की शुरूआत हो चुकी है। जिसके चलते शहर से महज 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित प्रसिद्ध शिवधाम कुंडेश्वर में श्रावण मास के पहले सोमवार को भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। सुबह 4 बजे ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर के पुजारियों ने भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। मंदिर का गर्भ गृह सुबह 5 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोला गया।**



मंदिर प्रबंधन ने महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग लाइन की व्यवस्था की है। सुरक्षा के लिए ट्रस्ट के सुरक्षा जवानों के साथ पुलिस बल तैनात किया गया है। मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। दोपहर 12 बजे के बाद मंदिर परिसर की रसोई में प्रसाद वितरण शुरू होगा। श्रद्धालुओं को 40 रुपए के कूपन पर भरपेट भोजन कराया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष अभिषेक पस्तोर ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की जानकारी दी। शाम 4 बजे के बाद गर्भ गृह को बंद कर दिया जाएगा। प्रधान पुजारी जमुना तिवारी महाराज के अनुसार इसके बाद भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। शाम 7 बजे महाआरती की जाएगी। अनुमान है कि आज करीब 10 हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचेंगे। शिवधाम कुंडेश्वर में शाम 4 बजे गर्भ ग्रह बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद विशेष श्रृंगार की तैयारी शुरू होगी। प्रधान पुजारी जमुना तिवारी महाराज ने बताया कि आज सावन के पहले सोमवार को भगवान भोलेनाथ का महाकाल श्रृंगार होगा। सजावट करने वाले रामू जड़िया ने बताया कि सवा किलो भांग से शिवलिंग को महाकाल का रूप दिया जाएगा। शाम 7 बजे चांदी के आभूषणों से सजाकर महा आरती उतारी जाएगी। मंदिर ट्रस्ट की ओर से श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई है। इसके लिए 40 रुपए का कूपन रखा गया है। प्रसाद में भक्तों को पूरीए सब्जी,दाल चावल और बूंदी दिया जाएगा। दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक प्रसाद बटेगा। भगवान शिव का पावन माह सावन माना जाता है। इस माह में शिव की आराधना अत्यंत फलकारी होती है। इस बार सावन मे चार सोमवार पड़ रहे है ।

**नदी के घाटों पर पुलिस बल तैनात**

इस वर्ष अभी तक अत्याधिक बारिश होने के कारण सभी जलाशय उफान पर चल रहे है इसी क्रम कुंडेश्वर धाम की जमड़ार नदी अपने तेज उफान पर है जिसके चलते सावन माह में भक्तों की संख्या यह अधिक देखने को मिलती है। यह भक्त नदी के घाटो तक नही पहुंचे इसके लिए पुलिस प्रशासन ने अपना बल तैनात कर दिया है।

### बिजली गिरने से मकान क्षतिग्रस्त

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बड़ागांव क्षेत्र की ग्राम पंचायत डूडाटोरा के गोपालपुरा में बीती रात करीब 12 बजे अचानक आकाशीय बिजली एक मकान पर गिर गई। जिससे कच्चा मकान क्षतिग्रस्त हो गया और पक्के मकान में दरारें पड़ गई।जिस पर पीड़ित ने थाने जाकर पुलिस को सूचना दी है।**

देशराज यादव ने बताया परिवार के लोग मकान में सो रहे थे। अचानक रात में आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत नहीं कि कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन अंदर खाद्यान्न सामग्री के ऊपर पूरा मलबा गिर गया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, टीकमगढ़ (म .प्र .)

क्रमांक/4080/न.पा./निर्माण/2025 टीकमगढ़, दिनांक 10/07/2025

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न लिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण http:/mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं (EMD) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_437163_1 14/07/2025 को सांय 05 :00 बजे से | वार्ड नंबर 27 में कुचबंदिया बस्ती में विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड़ एवं नाली निर्माण कार्य। | 3 माह 3381015 .00 | 5000 25357 | 14/08/25 सांय 05 :30 बजे तक |

1- मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय का पत्र क्र ./एफ .237/2024/18-2 भोपाल दिनांक 09/09/2024 प्रभावशील रहेगा जो कि निविदा एवं अनुबंध का भाग है।

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, टीकमगढ़
जिला-टीकमगढ़ (म .प्र .)